आकाशवाणी चंडीगढ़

01 अक्तूबर 2024, समय 1810

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने  पलवल जिले में गदपुरी टोल प्लाजा के निकट जन आर्शीवाद रैली को संबोधित किया और  कांग्रेस पर झूठ की राजनीति करने का आरोप लगाया।
- कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बहादुरगढ़ और सोनीपत में विजय संकल्प यात्रा निकाली। श्री गाँधी ने कहा कि मुख्य मुकाबला बी.जे.पी और कांग्रेस के बीच है।
- पंजाब एंव हरियाणा उच्च न्यायालय ने समालखा  विधानसभा सीट से मौजूदा  विधायक एवं कांग्रेस प्रत्याशी धर्मपाल छोकर की गिरफ्तारी के आदेश दिए।
- हरियाणा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पंचकूला  जिले के सभी स्कूलों में 4 व 5 अक्तूबर को अवकाश घोषित किया है।

************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पलवल जिले में गदपुरी टोल प्लाजा के निकट जन आर्शीवाद रैली को संबोधित करते हुए कॉंग्रेस पर झूठ की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी मेहनत पर विश्वास रखती है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का  काम करों और न ही करने दो की नीति पर चलती है जबकि बी जे पी  सबका साथ सबका विकास की नीति पर काम करती है। श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने 70 वर्षों तक देश पर राज किया लेकिन लोगों को  सडक़, बिजली, पानी, शौचालय, पक्के घर, सहित मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा। श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने हर जरूरी विषय पर देश को उलझाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने राम मंदिर,जम्मू कश्मीर में देश के संविधान को लागू करने में रुकावट डालने अनुच्छेद 370 को हटाने से रोकने ,संसद व विधानसभाओं में महिला आरक्षण लागू न होने देने एवं तीन तलाक सहित अन्य मुद्दों पर  व्यवधान डालने का काम किया जबकि बी जे पी सरकार ने पूरी गंभीरता के साथ देश की समस्याओं का समाधान

किया।उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने राजनीति में एक परिवार को स्थापित करने में पूरी शक्ति लगा दी है।

श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में आपसी कलह मची हुई है। कांग्रेस के प्रति दलित,पिछड़े और वंचित समाज के लोगों में नाराजगी है। जबकि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी विनम्रता के साथ सबको साथ लेकर चल रहे है। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा में तीसरी बार भी बी जे पी की ही सरकार बनेगी क्योंकि जनता हमारे साथ है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी,केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर,और बीजेपी नेता रामबिलास शर्मा भी मौजूद रहे।

*************************************************************************

कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी ने आज बहादुरगढ़ से कल्लूपर चौकी और सोनीपत के हुड्डा मैदान से गोहाना के किलोहड़द तक हरियाणा विजय संकल्प यात्रा निकाली। उनके साथ कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा और प्रदेशाध्यक्ष उदयभान भी मौजूद रहे।

राहुल गांधी ने सोनीपत में एक जनसभा को भी संबोधित किया। लोगों से सोनीपत से कांग्रेस प्रत्याशी सुरेंद्र पवार और राई से प्रत्याशी जय भगवान को जिताने की अपील करते हुए श्री गांधी ने आरोप लगाया कि बी.जे.पी सरकार, बड़े पूंजीपतियों की मदद कर रही है। उन्होंने बेरोज़गारी और अग्निवीर योजना का मुद्दा भी उठाया और कहा कि अग्निवीर योजना से जवानों से उनकी पेंशन, कैंटीन की सुविधा और शहीद का दर्जा छीना गया है। उन्होंने कहा कि रोजगार न मिलने के कारण भी हरियाणा के युवा अपनी जान दांव पर लगाकर विदेश जा रहे हैं।राहुल गांधी ने कहा कि मुख्य मुकाबला कांग्रेस और बी.जे.पी के बीच है और यह संविधान बचाने की लड़ाई है।

श्री गांधी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र में दी गई गारंटियों का ज़िक्र भी किया।

**************************************************************************

हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी हिमाचल प्रदेश की तरह ही हरियाणा की जनता को भी झूठी गारंटियों के नाम पर लुभाने की कोशिश कर रही है। जबकि हिमाचल प्रदेश में मतदाता ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं । रोहतक में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को निशाने पर लिया

और  कहा कि कांग्रेस हिमाचल प्रदेश में झूठी गारंटियां देकर सत्ता में तो आ गई, लेकिन किसी भी गारंटी को पूरा नहीं किया। उन्होंने हरियाणा की जनता से भी कांग्रेस की गारंटियों से सावधान रहने की अपील की । श्री ठाकुर ने  कहा कि प्रदेश की मौजूदा सरकार ने पिछले 10 वर्ष में जनता से किए गए अपने हर वादे को पूरा किया है। उन्होंने हरियाणा में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने का दावा भी किया।

**************************************************************************

पंजाब एंव  हरियाणा उच्च न्यायालय ने समालखा विधानसभा सीट से मौजूदा  विधायक तथा कांग्रेस प्रत्याशी धर्मपाल सिंह छोकर की गिरफ्तारी के आदेश दिए हैं।  उच्च न्यायालय ने आदेश पारित करते हुए कहा कि कल तक विधायक धर्मपाल सिंह छोकर स्वयं आत्म समर्पण कर दें अन्यथा पुलिस उन्हें गिरफ्तार करेगी।इस बारे  और जानकारी देते हुए महाधिवक्ता  बलदेव राज महाजन ने बताया कि कांग्रेस प्रत्याशी धर्मपाल सिंह छोकर पर कई मुकदमे चल रहे हैं जिसको लेकर उच्च न्यायालय ने आज है य आदेश दिया है।

**************************************************************************

हरियाणा के राज्यपाल  बंडारू दत्तात्रेय ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को आज उनके जन्मदिन के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं।श्री दत्तात्रेय ने अपने संदेश में श्री कोविंद की राष्ट्रपति के रूप में अपने विशिष्ट कार्यकाल के दौरान लोकतंत्र, न्याय और समानता के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्धता को मान्यता देते हुए, राष्ट्र के प्रति उनकी अनुकरणीय सेवा के लिए सराहना की।

**************************************************************************

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर पाटिलने आज नई दिल्ली में स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। श्री पाटिल ने पिछले दस वर्षों में स्वच्छ भारत मिशनकी उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि देशभर में 24 लाख से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। श्री पाटिल ने कहा कि अब तक स्वच्छता ही सेवा अभियान में बीस करोड से अधिक लोगों ने भागीदारी की है। उन्होंने कहाकि इस वर्ष देश में 38 लाख सफाई मित्र इस अभियान में शामिल हुए हैं। श्री पाटिल ने कहा कि इस अभियान में राज्य सरकारों,स्थानीय अधिकारियों और सामुदायिक समूहों ने सक्रिय भागीदारी की है।

*************************************************************************

जननायक जनता पार्टी के नेता दुष्यंत चौटाला और सांसद चंद्रशेखर आजाद के काफिले पर गत रात्रि हुए हमले को लेकर श्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि इस मामले को लेकर चुनाव आयोग को पत्र लिखा जाएगा। आज जींद में एक पत्रकार वार्ता में उचाना से जे जे पी प्रत्याशी दुष्यंत चौटाला ने कहा कि सांसद चंद्रशेखर आजाद को वाई श्रेणी की सुरक्षा निश्चित है लेकिन वहाँ पर्याप्त सुरक्षा नहीं थी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटना दोबारा हुई है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव के दौरान जन नायक जनता पार्टी की नेत्री नैना चौटाला के काफिले पर भी पथराव हुआ था। दुष्यंत चौटाला ने सवाल उठाते हुए कहा कि पहले हमले के समय में भी मौजुदा पुलिस अधीक्षक और मौजूदा थाना प्रभारी ही तैनात थे।जे जे पी नेता ने यह भी कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है सभी वीडियो फुटेज हैं। उन्होंने कहा कि जो बूथ संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील लगें हैं या जहां पर पूर्व में घटना घटित हो चुकी हैं। उन पर अतिरिक्त सुरक्षा के लिए भी चुनाव आयोग को कहा गया है।

*************************************************************************

हरियाणा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पंचकूला जिले के सभी स्कूलों में 4 व 5 अक्तूबर को अवकाश घोषित किया गया है। पंचकूला के उपायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी डा. यश गर्ग ने बताया कि शिक्षा विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को चुनावी डयूटी पर लगाया गया है। उन्हें 4 अक्तूबर को विधानसभा क्षेत्र के तय स्थान पर पहुंचना है। जिला पंचकूला के सभी सरकारी, अर्ध सरकारी और निजी विद्यालयों में 4 और 5 अक्तूबर को अवकाश रहेगा।

**************************************************************************

भिवानी स्थित हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा अक्तूबर माह में संचालित करवाई जाने वाली माध्यमिक व वरिष्ठ माध्यमिक की परीक्षा के प्रवेश-पत्र शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए गए हैं। शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. वीपी यादव ने बताया कि माध्यमिक व वरिष्ठ माध्यमिक की परीक्षा 16 अक्तूबर से 9 नवंबर तक दोपहर 2 बजे से सांय 5 बजे तक ली जाएगी । इसके लिए 122 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं ।